डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ. 61/18/एडब्ल्यू/पीसी

30 नवंबर 2018

साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2018 – प्रेस कान्फ्रेंस

प्रिय साथियो,

साहित्य अकादेमी स्वयं द्वारा मान्यताप्राप्त 24 भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट पुस्तकों के लिए वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष करती है। वर्ष 2018 के पुरस्कार साहित्य अकादेमी के कार्यकारी मंडल द्वारा अनुमोदित किए जाएँगे, जिसकी बैठक 5 दिसंबर 2018 को अकादेमी कार्यालय में आयोजित की जा रही है। आप **बुधवार 5 दिसंबर, 2018 को अपराह्न 3.30 बजे** साहित्य अकादेमी सभाकक्ष, तृतीय तल, रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110001 में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में आमंत्रित हैं जिसमें पुरस्कार विजेताओं के नाम घोषित किए जाएँगे।

प्रेस कान्फ्रेंस में प्रेस विज्ञप्ति वितरण के साथ पुरस्कृत पुस्तकें भी प्रदर्शित की जाएँगी। हम कृतज्ञ रहेंगे, यदि पुरस्कारों की राष्ट्रीय महत्ता को ध्यान में रखते हुए यह समाचार आपके प्रतिष्ठित समाचार–पत्र/पत्रिका/चैनल में तत्काल प्रकाशित/प्रसारित किया जा सके।

यदि आप न आ सकें तो कृपया अपने संवाददाता/कैमरामैन को अकादेमी की इस प्रेस कान्फ्रेंस के लिए भेजने का कष्ट करें, जिससे पुरस्कार घोषणा के समाचार की उपयुक्त कवरेज हो सके। आप या आप द्वारा भेजे जा रहे संवाददाता/कैमरामैन **3.00 बजे जलपान** के लिए भी आमंत्रित हैं।

आपसे मिलने की प्रतीक्षा में,

सादर,

आपका

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in